यूपी के वित्त मंत्री ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच की उपलब्धियों को साझा किया

दावोस में मिले तीन लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव, 31 समझौते भी हुए

सफलता

लखनऊ, विशेष संवाददाता। स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित 56वें विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में विभिन्न देशों के उद्यमियों ने यूपी में 2.92 लाख करोड़ रुपये से अधिक रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को लोकभवन में पत्रकारों को बताया कि दावोस में कुल 31 एमओयू पर हस्तारक्षर किए गए।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने 119 उच्च स्तरीय बैठकें कीं, जिनमें लगभग 56 प्रमुख वैश्विक कंपनियां शामिल रहीं। यूपी में प्रमुख रूप से डाटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, लाजिस्टिक्स, पर्यटन, फूड प्रोसेसिंग, ईवी, फार्मा, हेल्थकेयर क्षेत्रों में निवेश प्रस्तावों पर मुहर लगी। वित्त मंत्री ने बताया कि सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव नीदरलैंड की कंपनी एएम-ग्रीन से मिला है। एमओयू के तहत कंपनी ग्रेटर नोएडा में एआई आधारित एक गीगावाट डेटा सेंटर की स्थापना करेगी। परियोजना में वर्ष 2028 तक लगभग ₹2.10 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। प्रेसवार्ता में आईडीसी दीपक कुमार, सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय अमित सिंह, इन्वेस्ट यूपी के सीईओ विजय किरन आनंद व निदेशक यूपीनेडा इंद्रजीत सिंह भी मौजूद रहे।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में निवेश समझौतों की जानकारी दी।

सभी एमओयू की नियमित निगरानी की जाएगी

वित्त मंत्री ने बताया कि दावोस में हुए सभी एमओयू की नियमित मानिटरिंग व निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए सिंगल-विंडो टीम गठित की जाएगी। टीम स्वीकृतियों से लेकर परियोजनाओं के संचालन तक समयबद्ध सहयोग प्रदान करेगी।

इन करारों पर हस्ताक्षर

- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के साथ नवीकरणीय ऊर्जा व ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर गैर-वित्तीय एमओयू हुआ।
- आरईसी लिमिटेड के साथ कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ₹8000 करोड़ रुपये का एमओयू।
- रश्मि मेटालिक्स ने एक एमटीपीए एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए ₹4000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव दिया।
- नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सोलर रूफटाप व बैटरी एनर्जी स्टोरेज में ₹1000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित।

यह भी रहा खास

- एबी इनबेव, गोदरेज, फिलिप मारिस इंटरनेशनल, श्नाइडर इलेक्ट्रिक व अन्य कंपनियों के साथ स्मार्ट फैक्ट्री, इंडस्ट्री 4.0 व सप्लाई चेन विकास पर हुई चर्चा।
- डुपोंट, रामको ग्रुप व श्नाइडर इलेक्ट्रिक के साथ जल प्रबंधन, सिंचाई, सीवेज वअपशिष्ट प्रबंधन, माइक्रोग्रिड और स्मार्ट बिल्डिंग्स पर साझेदारी की संभावनाएं बनीं।
- डुपोंट ने यूपी में सोलर यूनिट की संभावनाओं और पायलट परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा।